डीवीएनपीजी में व्याख्यान आयोजित

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर के वाणिज्य विभाग में मंगलवार को रिसर्च प्रोजेक्ट एव रिसर्च प्रपोजल निर्माण विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें डॉ. रानी द्विवेदी ने शोध विषय के चयन, शोध समस्या के निर्धारण एव शोध उद्देश्यों की महत्ता पर प्रकाश डाला। वहीं, डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता ने रिसर्च प्रपोजल तैयार करने के विभिन्न चरणों, साहित्य समीक्षा, शोध पद्धति, प्रश्नावली निर्माण तथा आंकड़ों के संकलन एवं विश्लेषण की प्रक्रिया को सरल एव व्यावहारिक ढंग से समझाया। वक्ताओं ने कहा कि एक प्रभावी शोध प्रस्ताव किसी भी गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य की आधारशिला होता है। इस प्रकार के अकादमिक व्याख्यान विद्यार्थियों मे शोध संबंधी समझ विकसित करने तथा उन्हें व्यवस्थित एव वैज्ञानिक तरीके से रिसर्च प्रोजेक्ट तैयार करने मे सहायक होते हैं। कार्य क्रम में डॉ. अभय कुमार मालवीय, डॉ. चंडी प्रसाद पांडेय एव डॉ. दीपक कुमार सहानी उपस्थित रहे। अंत में वाणिज्य विभाग के प्रभारी ने वक्ताओं एवं उपस्थित शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



विधि-नैतिकता का संबंध मानव समाज के विकास से जुड़ा-डॉ. जितेंद्र

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। हरि सहाय लॉ कॉलेज, तालकंदला में मंगलवार को 'विधि एवं नैतिकता' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डीडीयू के लॉ फैकल्टी के डीन प्रो. डॉ. जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि विधि और नैतिकता का संबंध मानव समाज के विकास और उसकी व्यवस्था से गहराई से जुड़ा हुआ है। इन दोनों का मुख्य उद्देश्य समाज में व्यवस्था बनाए रखना और मानव व्यवहार को निर्देशित करना है, लेकिन दोनों के काम करने के तरीके, क्षेत्र और प्रभाव में महत्वपूर्ण अंतर होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सतीश चन्द्र उपाध्याय और संचालन डॉ. दिलीप कुमार राव ने किया। इस दौरान सहायक आचार्य डॉ. शिखा वर्मा, शैलेन्द्र त्रिपाठी, चंदा और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इससे पूर्व कॉलेज के विद्यार्थियों ने गाजियाबाद में आयोजित कमला शुकुल मेमोरियल राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। टीम का नेतृत्व में सहायक आचार्य डॉ. शिखा वर्मा ने किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने डॉ. वर्मा के नेतृत्व में सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली का शैक्षणिक भ्रमण भी किया।

विशेष ट्रेनों में रिक्त सीटो का व्यौरा जारी

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों की सुविधा हेतु अनेक विशेष ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष ट्रेनों में 10 नवम्बर तक के लिये 27 अक्टूबर को सायं बर्थ की उपलब्धता है। छपरा से चलने वाली 05085 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार विशेष गाड़ी में 3 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 6, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 99, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 331, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 117 एवं शयनयान श्रेणी में 9 बर्थ तथा 10 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 26, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 241 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 72 बर्थ उपलब्ध है। छपरा से चलने वाली 05193 छपरा-पठानकोट त्यौहार विशेष गाड़ी में 2 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 75, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 295 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 93 बर्थ तथा 9 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 51, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 293 तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 107 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05101 गोरखपुर-शकूर बस्ती (दिल्ली) त्यौहार विशेष गाड़ी में 1 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 18, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 76 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 532 बर्थ तथा 8 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 18, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 78, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 542 एवं शयनयान श्रेणी में 189 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 04830 गोरखपुर-जोधपुर त्यौहार विशेष गाड़ी में 30 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में



45, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 133 एवं शयनयान श्रेणी में 121 बर्थ तथा 6 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 49, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 147 एवं शयनयान श्रेणी में 335 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 03132 गोरखपुर-सियालदह त्यौहार विशेष गाड़ी में 28 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 106 एवं शयनयान श्रेणी में 179 बर्थ; 30 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 119 एवं शयनयान श्रेणी में 282 बर्थ; 4 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 149 एवं शयनयान श्रेणी में 421 बर्थ तथा 6 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 148 एवं शयनयान श्रेणी में 404 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05977 गोरखपुर-डिब्रुगढ़ त्यौहार विशेष गाड़ी में 29 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 205 एवं शयनयान श्रेणी में 297 बर्थ तथा 5 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 233 एवं शयनयान श्रेणी में 457 बर्थ उपलब्ध है। छपरा से चलने वाली 07652 छपरा-जालना त्यौहार विशेष गाड़ी में 30 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 70, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 211 एवं शयनयान श्रेणी में 511 बर्थ उपलब्ध है। छपरा से चलने वाली 09066 छपरा-सूरत त्यौहार विशेष गाड़ी में 28 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 457 बर्थ तथा 4 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 503 एवं शयनयान श्रेणी में 440 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 03528 गोरखपुर-आसनसोल त्यौहार विशेष गाड़ी में 31 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 77, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 347 एवं शयनयान श्रेणी में 337 बर्थ तथा 7 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 77, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 345 एवं शयनयान श्रेणी में 394 बर्थ उपलब्ध है।

भारतीय रेल देश भर में 1,265 स्टेशन मास्टरों की भर्ती करेगा

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। भारतीय रेल ने केंद्रीकृत रोजगार सूचना (सीईएन) संख्या 08/2026 के तहत स्टेशन मास्टर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू होने के साथ स्नातक उम्मीदवारों के लिए रोजगार का एक नया रास्ता खोल दिया है। यह भर्ती अपने परिचालन कार्यबल को मजबूत करते हुए पात्र उम्मीदवारों को करियर के अवसर प्रदान करने के लिए भारतीय रेल के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। भर्ती से संबंधित एक महत्वपूर्ण निर्णय में, रेलवे बोर्ड ने निर्धारित किया है कि स्टेशन मास्टर भर्ती को 2026 से अलग से अधिसूचित किया जाएगा। समर्पित भर्ती

❖ कोई भी स्नातक इस पद के लिए आवेदन कर सकता है; ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 नवंबर

प्रक्रिया उम्मीदवारों को पद के लिए पात्रता संबंधी आवश्यकताओं, परीक्षा प्रक्रियाओं और रिक्ति वितरण को कवर करने वाली एक विशिष्ट सूचना प्रदान करती है। सीईएन 08/2026 के तहत प्रदान की गई आरआरबी-वार रिक्ति वितरण विभिन्न रेलवे भर्ती बोर्डों और क्षेत्रों में 1,265 रिक्तियों को इंगित करता है। ये अवसर कई रेलवे क्षेत्रों में फैले हुए हैं, जिससे पात्र स्नातक देश के विभिन्न हिस्सों में पदों के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो आज खुल गई और 25 नवंबर को बंद हो जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने फॉर्म जमा करने से पहले विस्तृत पात्रता शर्तों, रिक्ति संबंधी विवरण और आवेदन हेतु दिशानिर्देशों को गौर से पढ़े। उम्मीदवार निम्नलिखित आधिकारिक लिंक के माध्यम से विस्तृत भर्ती अधिसूचना, पात्रता संबंधी आवश्यकताओं, परीक्षा पाठ्यक्रम, आवेदन हेतु दिशानिर्देशों और आरआरबी-वार रिक्ति संबंधी विवरण तक पहुंच सकते हैं।

27 से 29 नवंबर तक सरस्वती शिशु मंदिर पक्कीबाग में होगा अखिल भारतीय विज्ञान मेला

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में आगामी 27, 28 एवं 29 नवंबर को आयोजित होने वाले 24वें अखिल भारतीय विज्ञान मेला की तैयारियों को लेकर सरस्वती शिशु मंदिर पक्कीबाग में एक महत्वपूर्ण योजना बैठक हुई। बैठक में विज्ञान मेला को भव्य, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं, दायित्वों और कार्ययोजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में विद्या भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री गोविंद चंद्र महंत एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कान्हेरे ने विज्ञान मेला के लिए विभिन्न विभागों की कार्ययोजना, व्यवस्थाओं के समन्वय तथा दायित्वों के कुशल निर्वहन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, तत्परता से करें, ताकि राष्ट्रीय स्तर का यह आयोजन उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित कर सकें। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजेश सिंह ने अतिथियों का परिचय कराते हुए सभी वरिष्ठ अधिकारियों, पदाधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों के प्रति आभार व्यक्त किया इस महत्वपूर्ण बैठक में विद्या भारती एवं संबंधित शैक्षिक संगठनों के प्रमुख रूप से हेमचंद्र जी क्षेत्रीय संगठन मंत्री, डॉ. राम मनोहर सह क्षेत्रीय संगठन मंत्री, नागेंद्र पांडेय अखिल भारतीय विज्ञान संयोजक, राम सिंह प्रदेश निरीक्षक शिशु शिक्षा समिति, जियालाल प्रदेश निरीक्षक जन शिक्षा समिति, अजय दुबे संभाग निरीक्षक गोरखपुर, कन्हैया चौबे संभाग निरीक्षक बलिया उपस्थित रहे।

विश्वास वट वृक्ष की तरह अटल होना चाहिए-पंडित हनुमतेश मिश्रा

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। श्री विष्णु मंदिर असुरन में पर मानस उत्थान समिति द्वारा आयोजित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के क्रम में आज वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित हनुमतेश मिश्रा जी महाराज ने कहा कि श्री राम जी का चरित्र अपार है, अगाध है। श्री राम कथा का एक-एक अक्षर हमारे जाने अनजाने पापों को नष्ट करने वाला है। प्रभु का चरित्र श्रद्धा और विश्वास से ही समझा जा सकता है। श्रद्धा के साथ किया गया विश्वास फल देता है। भगवान के हर लीला के पीछे कोई विशेष योजना होती है। कुतर्क बुद्धि सर्वथा भक्ति के मार्ग में बाधा पैदा करती है, इसीलिए श्रद्धा और विश्वास के माध्यम से ही की गई भक्ति शुद्ध होती है।महात्मा कम पढ़ा लिखा हो सकता है पर महात्मा के बुद्धि पर परमात्मा की विशेष कृपा होती है क्योंकि महात्मा में श्रद्धा और विश्वास ईश्वर के प्रति अटल होता है। विश्वास वट वृक्ष की तरह अटल होना चाहिए। भगवान दुष्टों के लिए कठोर और संतों के लिए कोमल होते हैं। पार्वती जी जिज्ञासा स्वरूप है और सती जी संशय का स्वरूप है। जिज्ञासा का समाधान होता है और संशय का विनाश होता है इसीलिए सती माता का विनाश हुआ और पार्वती माता का समाधान हुआ।जब जब सज्जन लोग पीड़ित होते है, अधर्म, अन्याय, अत्याचार बढ़ता है तब तब भगवान विविध रूपों में आकर सज्जनों की पीड़ा हरते है। सुमति और कुमति सबके हृदय में रहतीं है परंतु हम अनुसरण किसका करते है यह महत्वपूर्ण है, यदि हम सुमति का अनुसरण करते है तो सभी प्रकार के सुख संपत्ति को प्राप्त करते है परंतु यदि हम कुमति का अनुसरण करते है तो विविध प्रकार के विपत्तियों को आमंत्रित करते है।अभिमान बहुत घातक होता है इसीलिए जो कुछ हो रहा है जब यह मान कर चलेंगे के ये सब प्रभु की कृपा से हुआ है तो अभिमान नहीं होगा।प्रणाम, पुष्प और प्रशंसा यदि मिल रही हो तो सावधान रहें क्योंकि यहीं से अभिमान पैदा होता है।कथा व्यास ने कहा कि भक्त जब अपने आप को भगवान के चरणों में सौंप देता है, उसे अपने हानि लाभ, जीवन मरण की चिंता नहीं रहती तो भगवान स्वयं उसकी रक्षा करते है।

पेयजल की गुणवत्ता जांची

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। रेल यात्रियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिये उन्हें शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों एवं आवासीय कॉलोनियों में पानी की टंकियों, वाटर कूलर, टैप, फिल्टर तथा पाइप लाइनों की निरन्तर निगरानी एवं रखरखाव का कार्य प्राथमिकता पर किया जा रहा है। रेलवे के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों, स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा पेयजल को सुरक्षित बनाने हेतु अवशिष्ट क्लोरीन परीक्षण, जीवाणु संवर्धन परीक्षण एवं रासायनिक विश्लेषण नियमित रूप से किये जा रहे हैं। रेल यात्रियों और कर्मचारियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना रेल प्रशासन की प्राथमिकताओं में से एक है और यह कार्य अभियान के रूप में निरन्तर चलता रहेगा।



सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 3045207 का मूल प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **कृष्णा कुशवाहा** पुत्र कन्हैया कुशवाहा, ग्राम-छितौनी टेगरहा चेक नंबर 5, कुशीनगर, उत्तर प्रदेश।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Ansari Mohd Kaif Siraj Ahemad से बदल कर Mohammad Kaif Ansari कर लिया है।अब हमको इसी नाम से जाना और पहचाना जाय । **Mohammad Kaif Ansari** S/O Seraj Ahmad निवासी पूरेहेमराज अमरोहा खास, पोस्ट अमरोहा, जिला बस्ती 272127

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट नं बीए 658716 में मेरा नाम SANOTSH KUMAR दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। जबकि मेरा सही नाम SANTOSH KUMAR है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **सन्तोष कुमार** पुत्र विजयनाथ, ग्राम असिलाभार, पोस्ट-नेवास, थाना उरुवा बाजार, तहसील-खजनी, जिला-गोरखपुर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **SHRI RAM SAHANI** S/o MAHA PUJAN MALLAH/SAHANI ग्राम-सोनहुला, पो.-बकुलारी जिला सिवान (बिहार) का निवासी हूं मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड पर नाम SHRI RAM SAHANI जन्मतिथि 11-03-1984 है। मेरे पिताजी आईसीआईसीआई लाइफ कं. से पालिसी लिए थे, जिसका क्रमांक 18492870 है। पालिसी में मेरा नाम बतौर नामिनी दर्ज से पालिसी में मेरा नाम SHRI RAM SAHANI एवं जन्मतिथि 05-05-1991 दर्ज है। दोनों नाम व जन्मतिथि मेरा ही है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता है।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम संजय सिंह से बदलकर संजय यादव रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **संजय यादव** पुत्र रामकेश निवासी राव. तपार, पोस्ट थुन्ही महोबचक, थाना झंगहा जिला गोरखपुर 273413

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम AKANSHA से बदलकर AKANKSHA SINGH रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **AKANKSHA SINGH** पुत्र सुनील कुमार सिंह निवासी वार्ड नं 19 शिवजी नगर, मुंडेरा रतन पट्टी, जिला कुशीनगर 274403

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपनी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी परी सोनकर (PARI SONKAR) का नाम बदलकर अब दिव्यांशी सोनकर (DIVYANSHI SONKAR) (उम्र - 16 वर्ष) कर लिया है अब मेरे पुत्री को इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **रवि कुमार सोनकर**, पुत्र रामजी सोनकर, निवासी - 846 के, बशारतपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, 273004.

NITICE-I, HAV BAL BAHADUR POUDEL CHHETRI, S/o Jai Bahadur Chhetri, presently serving in the Indian Army, hereby declare that my old home address recorded in my service documents is Village Chandmari, P.O. Kohima, P.S. Kohima, Tehsil Kohima, District Kohima, State Nagaland, PIN 797001, whereas my new home address is Village Gautam Buddha Nagar, Ward No. 5, Nagar Panchayat Sonauli, P.O.& P.S. Sonauli, Tehsil Nautanwa, District Maharajganj, Uttar Pradesh, PIN 273164.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2003 अनुक्रमांक 1924302 का अंकपत्र वास्तव में खो गया हैं। ***संगीता शुक्ला*** पुत्री श्री मैनेजर शुक्ला, पता-परती बाजार पोस्ट-उसका बाजार जिला-सिद्धार्थ नगर (उ0प्र0)।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने नाबालिग बेटे मार्टिन यादव (MARTIN YADAV) (उम्र - 12 वर्षीय) का नाम बदल कर अब कार्तिक यादव (KARTIK YADAV)कर लिया है अब मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **अच्छेलाल यादव** पुत्र श्री यादव, निवासी - काजीपुर, दोहरिया बाजार, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, 273015.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एम०ए० प्रथम वर्ष 2024-25 (1 और 2 समेस्टर) अनुक्रमांक 25350371110012, एवं एम.ए. द्वितीय वर्ष 2025-26 (3 और 4 सेमेस्टर) अनुक्रमांक 2635037310005, एनरोलमेन्ट न- SUK350250141 का मूल अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **अभिषेक कृष्ण त्रिपाठी** पुत्र अनिल कृष्ण त्रिपाठी, ग्राम-बेलवा तिवारी पोस्ट-चौमुखा, जिला महराजगंज।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा लड़का मो. आसिफ मनमानी कार्य कर रहा है और उसका चाल-चलन ठीक नहीं है उसकी मनमानी से पूरा परिवार परेशान है ऐसे में उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। यदि वह कोई गलत कार्य या लेनदेन करता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी। **रियाजुद्दीन** पुत्र साहब हुसेन, हरिकीर्तन मुहल्ला, न.पं. भटनी जिला-देवरिया (उ.प्र.)।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Rumkesh से बदलकर Rukesh रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **Rukesh** पुत्र धुप सिंह निवासी परतावल, टोला बभनौली पो० परतावल बाजार, जिला- महराजगंज

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Golden के स्थान पर Golden chaurasiya रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना वह पहचान जाए। **गोल्डन चौरसिया** पुत्र विंध्याचल, ग्राम- सेमरा हर्दो, पोस्ट -कठकुइया, थाना -कुबेरस्थान, जनपद-कुशीनगर, पिन कोड -274304

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सतीश शर्मा मनमानी कार्य कर रहा है और उसका चाल-चलन ठीक नहीं है उसकी मनमानी से पूरा परिवार परेशान है ऐसे में उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। यदि वह कोई गलत कार्य या लेनदेन करता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी। **प्रकाश चन्द्र** पुत्र सुबाष चन्द्र, वार्ड नं.-6 पूर्वी इचौना, सलेमपुर, जिला-देवरिया।

आवश्यकता है

ब्रह्मदेव इन्द्रमती त्रिपाठी महिला पी.जी. कॉलेज, हरैया-बस्ती

स्नातकोत्तर स्तर:-वनस्पति विज्ञान-01 पद, **स्नातक स्तर**- भौतिक विज्ञान, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, रसायन विज्ञान एवं फाइन आर्ट्स-प्रत्येक में 01 पद।

योग्यता: UGC एवं सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के नियमानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 15 दिनों के भीतर आवेदन जमा करें।

प्रबंधक-**सुभाष चन्द त्रिपाठी**
मो. 9415361393

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अजय कुमार यादव से बदलकर अजय यादव रख लिया है । अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **अजय यादव** पुत्र राजकुमार यादव निवासी पुर्दिलपुर, गोलघर गोरखपुर उ.प्र. 273001

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2005 संस्थागत अनुक्रमांक 1972258 का मूल प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **सलाउद्दीन अंसारी** पुत्र रफीउल्लाह अंसारी, ग्राम व पोस्ट-औसानी, पो.-महुअवा शुक्ल, जिला-महराजगंज

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम पायल मद्धेशिया (PAYAL MADDHESIYA) से बदलकर प्रियांशु गुप्ता (PRIYANSHU GUPTA) कर लिया हैं, अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **पायल मद्धेशिया** पुत्री संतोष कुमार गुप्ता, निवासिनी - जंगल माता दीन, पादरी बाजार, शिवपुर, जिला - गोरखपुर, उत्तर प्रदेश - 273014.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2021 संस्थागत अनुक्रमांक 212866133 का मूल प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **राहुल यादव** S/o राजकुमार यादव, ग्रा./पो.-चौमुखा, जिला-महराजगंज।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम APHAJAL से बदलकर AFAJAL रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **AFAJAL** पुत्र लियाकत निवासी ग्राम व पोस्ट धनघटा, जिला संतकबीरनगर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरा पासपोर्ट संख्या N620 274 की मूल प्रति वास्तव में कही खो गया है। **सुकुरुल्लाह** पुत्र रियाजुद्दीन ग्राम सेमरा शरीफ पोस्ट सोनबरसा थाना सिंदुरिया जनपद महराजगंज उ0प्र0

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक के खाते में त्रुटिवश मेरा नाम सनम फहिया दर्ज हो गया है। जबकि अन्य सभी दस्तावेजों के अनुसार मेरा सही नाम फहीमा खातून है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **फहीमा खातून** पत्नी जैनुद्दीन, ग्राम-तरकुलहाँ, पोस्ट-भटहट, जनपद-गोरखपुर (उ.प्र.)

अदालती नोटिस

न्यायालय-सिविल जज (सी.डि.), सिद्धार्थनगर

मूल वाद सं.-444 सन् 2026ई.

सावित्री बनाम सरकार उत्तर प्रदेश आदि

सावित्री उम्र करीब 37 वर्ष स्वर्गीय सुरेश निवासी ग्राम-मजिगवा, तप्पा नादेपार, परगना व तहसील नौगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर, हाल मुकाम पत्नी रमेश, नि. ग्रा. दहियाड़, तप्पा- सिरवत, परगना-नौगढ़, तहसील-शोहरतगढ़, जिला-सिद्धार्थनगर।

बनाम

1 सरकार उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी
2, आम जनता

जयपाल पुत्र स्वर्गीय सुरेश निवासी ग्राम-मजिगवा, तप्पा-नादेपार, परगना व तहसील नौगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर के सम्बन्ध में सिविल डेथ उद्घोषणा का वाद संस्थित किया है। यदि उक्त व्यक्ति के बावत कोई हितबद्ध व्यक्ति हो तो उक्त वाद में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27-11-2026 को 10.00 बजे सुनवाई के समय आपत्ति प्रस्तुत करें। अतएव यह उद्घोषणा निकाली जा रही है कि उक्त वाद में जयपाल पुत्र स्वर्गीय सुरेश निवासी ग्राम-मजिगवा, तप्पा- नादेपार, परगना व तहसील नौगढ़, जनपद- सिद्धार्थ नगर का सिविल डेथ घोषित कर दिया जायेगा।

आज सन् 2026 के मास 10 के दिवस 23 को दिनांकित।

ह. मुंसरिम, मोहर न्यायालय

अदालती नोटिस

न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी, कप्तानगंज, जनपद कुशीनगर

वाद अंतर्गत धारा 24

मोहम्मद हमीद बनाम मोहम्मद सफी आदि

मौजा-भठही बुजुर्ग, तप्पा पंपऊर, परगना सिधुवा जोबना, तहसील कप्तानगंज, जनपद कुशीनगर।

अगली तारीख पेशी-04 नवंबर 2026

सर्वसाधारण एवं संबंधित पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त वाद न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी, कप्तानगंज जनपद कुशीनगर में विचाराधीन है। वाद से संबंधित पक्षकारों में श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी सुभाष, निवासी माडेय राय, तहसील कप्तानगंज, जनपद कुशीनगर, मनोज सेन, रोहित एवं सुरेश पुत्रगण भगवान सिंह, निवासी ग्राम भठही बुजुर्ग तथा ग्राम प्रधान, ग्राम सभा भठही बुजुर्ग, तप्पा पंपऊर, परगना सिधुवा जोबना, तहसील कप्तानगंज, जनपद कुशीनगर शामिल हैं।

उक्त वाद के संबंध में संबंधित पक्षकार नियत तारीख पेशी 04 नवंबर 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

ह. उपजिलाधिकारी
कप्तानगंज, कुशीनगर

अदालती नोटिस

सम्मन बगरज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाब्ता दीवानी सन् 1908ई.)

बअदालत-श्रीमान उपजिलाधिकारी सदर, गोरखपुर

मुकदमा 24044/2025

कम्प्यूटरीकृत वाद सं.T-202505310324044

अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व सं. 2006ई.

रामविलास मौर्या बनाम रामरहेस वगैरह

बनाम-रामरहेस पुत्र स्व. रामसूरत निवासी ग्राम व पोस्ट-बेला तप्पा केवटली, परगना हवेली तहसील सदर, गोरखपुर। 2. श्रीमती विमला देवी पुत्री स्व. रामईश्वर निवासी ग्राम व पोस्ट-बेला तप्पा केवटली, परगना हवेली तहसील सदर, गोरखपुर। 3. श्रीमती परमदेई पत्नी स्व. रामसमुझ, 4. श्री सोनू, 5. श्री मोनू, 6. टोनू सिंह पुत्रगण स्व. रामसमुझ, 7 सैय्यद अख्तर पुत्र सैय्यद मोहम्मद निवासीगण मौजा बेला तप्पा केवटली, परगना हवेली तहसील सदर, गोरखपुर। **प्रतिवादीगण प्रथम पक्ष,** 8. गांवसभा जरिये प्रधान मौजा-बेला तप्पा केवटली, परगना हवेली तहसील सदर, गोरखपुर। **प्रतिवादी द्वितीय पक्ष**

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक वाद दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 28 माह 10 सन् 2026ई. बवक्त 10.00 बजे दिन में असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो जवाब ऐसे सवालात कर दे सके, हाजिर होवे और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजवीज हुई है। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जवाबदेही के ताईद इस्तेमाल करना चाहते हों, उसी रोज पेश कीजिए। और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूआ और फैसला होगा।

बदस्तत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज तारीख 09-10-2025 को जारी किया गया।

ह. उपजिलाधिकारी सदर
गोरखपुर

सार्वजनिक सूचना

प्राधिकरण के प्रमाण-पत्र (सीओए) तथा पी पी आई संचालनों के समाप्ति का स्वैच्छिक आत्मसमर्पण

रैपिपे फिनटेक प्राईवेट लिमिटेड ('द कम्पनी') जिसका पंजीकृत कार्यालय, 701, 7वीं मंजिल, अग्रवाल कारपोरेट टॉवर, प्लाट सं.-23, जिला केन्द, राजेन्द्रा प्लेस, नई दिल्ली-110008 है, एतद्द्वारा सार्वजनिक एवं सभी हितधारकों को सूचित करता है कि रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया ('आरबीआई') ने रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया 'आरबीआई' को प्राधिकरण प्रमाण-पत्र (सीओए) के स्वैच्छिक आत्मसमर्पण हेतु एक प्रीपेड पेमेण्ट इंस्ट्रूमेन्ट (पीपीआई) को संचालन हेतु जारीकर्ता अन्तर्गत भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 आवेदन किया था तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सीओए के स्वैच्छिक आत्मसमर्पण की पुष्टि प्राप्त हुई हैं। कम्पनी ने नये पीपीआई वॉलेट तथा पीपीआई संचालनों को आरबीआई के लागू निर्देशों के अनुसार संचालनों को 1 सितम्बर 2026 से प्रभावी बन्द कर दिया है तथा प्रक्रिया शुद्धिपत्र ('एमओपी') आरबीआई को प्रेषित कर दिया है। पीपीआई वॉलेट बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपने बकाया का उपयोग अथवा निकासी को 31 दिसम्बर 2026 तक अथवा उसके पूर्व पूर्ण कर लें। वॉलेट के बकाये तथा अन्य शेष राशि देयताओं के पुनर्मोचन हेतु अनुरोधों को ई-मेल द्वारा अथवा लिखित संचार माध्यम से निम्न मोडल अधिकारी को प्रषित किये जा सकते हैं। वैध अनुरोधों को 30 दिनों के अन्दर पूर्ण अनुरोध तथा सम्बन्धित प्रपत्रों सहित प्राप्त की प्रक्रिया तथा बकाये धनराशि के पुनर्भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। सहायक दस्तावेज सत्यापन लागू नियामक आवश्यकताओं के अधीन की जायेगी।

नोडल अधिकारी:-
श्री जिथिन जयशील करकेरा
पता:-क्यूए इन्फोटेक, ए-8, 8वीं मंजिल, सेक्टर-68, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201309
फोन: 01206366034
ई-मेल: grievance officer@rapibay.com
वास्ते रैपिपे फिनटेक प्राईवेट लिमिटेड,
योगेन्द्र सिंह कश्यप-प्रबन्ध निदेशक
दिनांक: अक्टूबर 26, 2026
स्थान: नोएडा

कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दिलीप सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह द्वारा अध्यक्ष की हैसियत से संस्था महादेव सेवा समिति, ग्राम-महुअवाँ महुई, पो.-पिपरपाती, तहसील सदर, जिला-महराजगंज के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेख के अनुसार सर्वश्री 01. दिलीप सिंह-अध्यक्ष 02. विश्वप्रताप सिंह-उपाध्यक्ष 03-नितेश कुमार सिंह-सचिव 04. जगरनाथ सिंह-प्रबन्धक 05. गौतम सिंह-कोषाध्यक्ष 06. आशुतोष सिंह-लेखाकार 07. इन्द्रेश कुमार यादव-सदस्य 08. अखण्ड प्रताप सिंह.सदस्य 09. अभय प्रताप सिंह-सदस्य 10. संतोष कुमार सिंह-सदस्य 11. शिवेन्द्र सिंह-सदस्य दर्शाये गये है।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

आज्ञा से
बी (बीके. सिंह) सहायक रजिस्टार
गोरखपुर मंडल, गोरखपुर।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या: ETender-GSU-TRD-L01-26-27 दि. 26.10.2026

खुली निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/गति शक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्र.स. 1:- कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी महल से टेकनिवास यार्ड में एक रनिंग लाइन और एक रेक हैंडलिंग प्लेटफार्म (प्लेसमेंट के प्रतीक्षा समय को कम करने के लिए छपरा ग्रामीण के विकल्प/अतिरिक्त के रूप मे) के साथ नए गुड्स शेड के प्रावधान के सम्बन्ध में 25 केवी ओएचई विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेश नं. ETender-GSU-TRD-L01-26-27, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में: ₹6472175.46, धरोहर राशि रुपया में: ₹129500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में: शून्य, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 17.11.2026 up to 14:45 Hrs, कार्य पूरा करने की अवधि: 9 माह, खुली ई-निविदा दिनांक 17.11.2026 को 14.45 बजे तक जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/गति-शक्ति,
गुजाधि/विद्युत-245 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

श्री तुलसीदास उदयराज संस्कृत महाविद्यालय चित्राखोर-बरहुआ (बनकटी)-बस्ती

उ०प्र० शासन द्वारा प्रभावी आरक्षण नियमावली एवं अनुमन्य वेतनमान में पूर्णकालिक एवं अनुदानित पदों पर श्री तुलसी दास उदयराज संस्कृत महाविद्यालय चित्राखोर बनकटी बस्ती में अधोलिखित पदों पर नियुक्ति आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते हैं:-

1- **अध्यापक नव्य व्याकरण 1 पद (अना०)**
2- **सहायक अध्यापक साहित्य- 1 पद (अना०)**
3- **अध्यापक आधुनिक विषय (हिन्दी) 1 पद (अना०)**

योग्यता - सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर कम से कम द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण। परम्परागत उपाधि को वरीयता।

विशेष-प्रबन्धक के पक्ष में देय किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत रुपये एक हजार (1000) का बैकड्राफ एवं समस्त शैक्षिक योग्यता के अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों आधार कार्ड की छायाप्रति की स्व प्रमाणित दो प्रतियों के साथ पंजीकृत पत्र के माध्यम से प्रत्येक आवेदन पत्र इस विज्ञापन निर्गत होने की तिथि से 21 दिनों के अन्तर्गत प्रबंधक के निम्नांकित पते पर प्राप्त होना आवश्यक है। अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

प्रबन्धक
श्री तुलसी दास उदय राज संस्कृत महावि०
चित्राखोर, बनकटी बस्ती
पिन कोड- 272123

पाठकों से

'**आज**' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा '**आज**' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

अखिलेश चन्द द्वारा ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंकरोड, गोरखपुर से मुद्रित एवं ज्ञानमण्डल लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंक रोड गोरखपुर से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय व्यवस्थापक : अखिलेश चन्द

वाराणसी :	सन्त कबीर मार्ग
प्रयागराज :	३, लीडर रोड
कानपुर :	बांसमण्डी
लखनऊ :	१, जापलिंग रोड
आगरा :	महात्मा गांधी रोड
बरेली :	रोड नं.-३, परसाखेड़ा
पटना :	फ्रेजर रोड
रांची :	नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया
जमशेदपुर :	कालीमाटी रोड

पंजीयन संख्या-आर.एन. ३८७१०/८१
दूरभाष : २२०१८७६
फैक्स : २३३१२१२
e-mail-aj_gorakhpur@yahoo.com
ajgorakhpur@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद गोरखपुर न्यायालय के अधीन होगा।